बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

आदेश

**सं0सं0–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) ......................./ पटना, दिनांकः–...............................**

डॉ० निवेदिता, दन्त चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामगढ़ चौक, लखीसराय द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत करायी गयी कि विभागीय अधिसूचना सं०–1635(2) दिनांक–13.09.2019 के द्वारा दन्त चिकित्सक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामगढ चौक, लखीसराय में प्रभार समर्पित कर टेन्योर के लिए चली गयी। टेन्योर अवधि पूरा करने के उपरान्त दिनांक–15.06.2021 को सिविल सर्जन कार्यालय, लखीसराय के समक्ष योगदान समर्पित की गयी। सिविल सर्जन कार्यालय, लखीसराय के पत्रांक–933 दिनांक–15.06.2021 के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामगढ चौक, लखसीराय में प्रभार ग्रहण किया गया। तत्पश्चात् वे अपनी एक माह की बच्ची की अस्वस्थता के कारण दिनांक–30.06.2021 से कर्त्तव्य पर अनुपस्थित है। डॉ० निवेदिता के द्वारा पारिवारिक स्थिति सामान्य होने के उपरान्त पुनः पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु अनुरोध की गयी है।

**2.** डॉ० निवेदिता द्वारा योगदान करने हेतु की गयी अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० निवेदिता का आवेदन स्वीकार करते हुए पूर्व के पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

**3.** सिविल सर्जन, लखीसराय को निदेशित किया जाता है कि डॉ० निवेदिता को निर्गत आदेश के आलोक में योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व के पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डॉ० निवेदिता का योगदान करने की सूचना अविलंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**4.** डॉ० निवेदिता, दन्त चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामगढ़ चौक, लखीसराय के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में विभागीय संकल्प सं०–541(9) दिनांक–17.05.2023 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही के आधार पर आलोच्य अवधि के लिए निर्णय लिया जाएगा।

**5.** उपर्युक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(उपेन्द्र राम)
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) ......................./ पटना, दिनांकः–...............................**

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0)** 940(9)/ **पटना, दिनांकः–**18.8.25

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मुंगेर प्रभण्डल, मुंगेर/सिविल सर्जन, लखीसराय को निदेशित किया जाता है कि डॉ० निवेदिता के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

**प्रतिलिपिः**–डॉ० निवेदिता, दन्त चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामगढ चौक, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग, के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना के निजी सहायक/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

18/08/2025
**सरकार के अवर सचिव।**